हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, रविवार, 3 मार्च 2024


तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री


13 सीएम ने किया रोहतक विस कार्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन





14 बढ़ते अपराध पर तुरन्त लगाम लगाएं: एसपी





# भारी ओलावृष्टि से चुलियाना, कन्हेली, पहरावर, मायना, शिमली सुनारियां कलां समेत दर्जनों गांवों में फसलों को भारी नुकसान

दो दिन आंधी-वर्षा का अलर्ट

•

ओलों से अटी गलियां, 33 एमएम बरसात

- महम और कलानौर में भी ओलावृष्टि ने मचाई तबाही
- किसानों ने गिरदावरी करवाकर मुआवजा देने की मांग की
- कई कॉलोनियों में जलभराव और बिजली भी बाधित रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

जिले में शनिवार को तेज बरसात और ओलावृष्टि होने से काफी नुकसान हुआ। 30 से ज्यादा गांवों में फसल बर्बाद हो गई। कई जगह खंभे टूट गए। सांपला के दर्जनों गांवों में तेज ओलावृष्टि से ज्यादा नुकसान देखने को मिला जबकि महम कलानौर और लाखनमाजरा में भी क्षति हुई है। वहीं रविवार को भी बरसात आने की सम्भावनाएं हैं। किसान नेताओं ने सरकार से फसलों की गिरदावरी करवाकर मुआवजा देने की मांग की।

## इन गांवों में ज्यादा नुकसान

रोहतक में गांव चुलियाना, कन्हेली, पहरावर, मायना, शिमली, सुनारियां कलां, सुनारियां खुर्द, बालंद, करौंथा, भालौठ, किलोई खास, किलोई दोपाना, कंसाला, हुमायूपुर, बखेता, रुड़की, पोलंगी, आसन, मुंगाण, बोहर एवं गढ़ी बोहर आदि गांवों में तेज बरसात के साथ ओलावृष्टि हुई है। रोहतक, कलानौर, महम आदि एरिया में भी फसलों में नुकसान हुआ है।

## सांपला और भालौठ के खेतों में बिछ गई गेहूं की फसल





## सांपला में कई जगह बिजली के खंभे टूटे



कस्बे में तेज आंधी से सड़कों पर लगे हॉर्डिंग्स उखड़ गए। जगह-जगह पेड़ टूटकर गिर गई। आंधी ने बिजली व्यवस्था को भी ध्वस्त कर दिया। पेड़ गिरने से बिजली की लाइन व खंभे टूट गए। दूल्हेड़ा माइनर के पास 33 केवी हसनगढ़ लाइन पर सफेदे का पेड़ गिर गया। जिसकी वजह से करीब नो गांव की बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा बेरी रोड फैक्ट्री लाइन दिखाना लाइन पर भी पोल टूटने से गांव की बिजली बाधित हो गई। बारिश रुकते ही बिजली निगम कर्मचारी लाइनों को ठीक करने के लिए पहुंच गए लेकिन लाइन चालू नहीं हो पाई। बिजली निगम के एसडीओ जोगिंदर सिंह मोर ने बताया कि बारिश और आंधी के चलते आधा दर्जन बिजली के पोल टूट गए। कई जगह लाइन पर पेंड़ गिरने से भी सप्लाई बाधित हो गई। निगम की टीम लाइनों को दुरुस्त करने के लिए लगी हुई है।

## किसानों ने मांगा मुआवजा

सांपला के किसान राम प्रसाद, कसरेंटी निवासी जोगिंदर सिंह कंसाला निवासी सोनू का कहना है कि गेहूं की फसल चौपट होने की कगार पर पहुंच गई है। हाल में सरसों की फसल पकने की ओर है। गेहूं की फसल में भी बाली आई हुई है और दाना बन रहा है। कुदरत की इस मार ने चिंता बढ़ा दी है। तैयार फसल को बर्बाद होता देख किसानों ने माथा पकड़ लिया है।

## ओले से सब्जियों को भी नुकसान

कई गांव में सब्जियों में भी ओलावृष्टि से काफी नुकसान बताया जा रहा है। उप निदेशक डॉक्टर करमचंद का कहना कि तेज आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि से सरसों, गेहूं की फसल में नुकसान पहुंचा है।

## सड़क के किनारे ओलों की ढेर



## आज भी बरसात की संभावना

पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश के कुछ हिस्सों में बरसात व ओलावृष्टि देखने को मिली है। मौसम में बदलाव रविवार तक बना रहेगा। प्रदेश के अलग अलग हिस्सों में आंशिक बादल छाए रहने, हवाएं चलने, गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने के अलावा हल्की बारिश व ओलावृष्टि दर्ज की जाएगी। इसके बाद सोमवार से मौसम खुश्क हो जाएगा। -**डॉ. एमएल खिचड़**, अध्यक्ष मौसम विज्ञान विभाग हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय

## किसानों को मुआवजा दे सरकार: प्रीत सिंह

अखिल भारतीय किसान सभा ने दर्जनों गावों में हुई ओलावृष्टि से फसलों में हुई बर्बादी पर गहरी चिंता जताई। साथ ही सरकार से ऑनलाइन ,पोर्टल आदि का खेल बंद कर किसानों के लिए पर्याप्त और उचित मुआवजे की मांग की। किसान सभा जिला प्रधान प्रीत सिंह ने कहा कि ओलावृष्टि होने से फसलों गेहूं, सरसों ,हरे चारे, सब्जियों में काफी बर्बादी हुई है जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। राज्य महासचिव सुमित दलाल ने कहा कि सरकार और प्रशासन को ऑनलाइन, पोर्टल, क्षतिपूर्ति आदि की शर्तें को हटाना चाहिए और किसानों के उचित नुकसान का आंकलन करते हुए स्पेशल गिरदावरी की जाएं ताकि किसानों को मुआवजा मिल सके। पिछले साल की गेहूं की फसल में हुई ओलावृष्टि वाले गावों के किसान आज तक मुआवजे का इंतजार कर रहे हैं अगर किसानों को मुआवजा देने में देरी हुई तो किसान आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।

## सब्जी मंडी के पास भरा पानी



## यहां हुआ जलभराव

सेक्टर, एक दो, तीन, चार, सेक्टर 14, छोटूराम चौक, सुखपुरा चौक, आजादगढ़, नया बस स्टैंड, दिल्ली बाइपास, हुडा काम्प्लेक्स, सुभाष रोड आदि क्षेत्रों में जलभराव होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों के हालात भी ऐसे ही हैं। इसके अलावा शहर की दर्जनों रिहायशी कॉलोनियों में पानी भर गया।


Vikalp Public High School

An English Medium, Co-educational, Affiliated to C.B.S.E. upto class XII

C.B.S.E. Affiliation No. 530760

JASBIR COLONY, NEAR SHEELA BYPASS, ROHTAK-124001

For more details Ph. No.: 9896076756, 9896564000

Email ID : Vikalppublicschool@gmail.com | web : www.vikalppublichighschool.com

ADMISSION OPEN Class Nur. to XII Session 2024-25

WE ARE HIRING

➲ PGT- Maths- 01, Chemistry- 1, Physical Education

➲ TGT- Computer Science

➲ NTT- Co-ordinator

REQUIRED SKILLS

• Must have at least 3 years of Experience in a reputed School

• Good Communication Skills & Good Academic Record

HOW TO APPLY

Interested candidates may send their resume with latest photograph at vikalppublicschool@gmail.com or sukhbirs538@gmail.com till 09 March 2024.

Note- •Only short listed candidates will be called for an interview

• Interview Date will be scheduled phonically


खबर संक्षेप

### सतगुरु कुटिया में आज से श्रीमद्भागवत कथा

**महम।** कस्बा महम की सतगुरु कुटिया में 3 से 9 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। पंडित योगेश शास्त्री कथावाचन करेंगे। अजय सिंगला ने बताया कि कथा का समय दोपहर बाद दो बजे से शाम पांच बजे तक रहेगा।

### नशीले पदार्थ सहित महिला व दो युवक काबू

**रोहतक।** पुलिस ने नशीले पदार्थ सहित दो युवक व एक महिला को काबू किया है। युवकों के पास से 45.44 ग्राम चरस, 10 ग्राम हेरोइन व महिला के पास से 50 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### किसान मजदूर महा पंचायत 14 मार्च को

**रोहतक।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन आगामी 14 मार्च को रामलीला मैदान, दिल्ली में होने वाली किसान मजदूर महापंचायत में बढ़-चढ़कर भाग लेगा। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर बुलाई गई महापंचायत को सफल बनाने के लिए किसान संगठन की प्रदेश कमेटी की आज एक बैठक भरत कालोनी, बलवंत भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में 14 मार्च को रामलीला मैदान मजदूर महापंचायत का सन्देश दिया गया।

# चार टीमें करेंगी गुरुग्राम के सचिन गोदा की हत्यारों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

लाखनमाजरा में होटल के बाहर गुरुग्राम के युवक सचिन गोदा की हत्या के मामले में एसपी हिमांशु गर्ग ने 4 टीमें गठित की हैं। इस दौरान सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे है। पुलिस ने आरोपियों की तालाश में छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक सचिन गोदा और उसके साथी करीब साढ़े 5 माह पहले रोहतक पुलिस ने अक्टूबर 2023 में क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने के आरोप में गिरफ्तार किए थे। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गैंगस्टर रोहित गोदारा ने भी सोशल मीडिया इस हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए व्यापारी को बुकी बताया था। हालांकि परिवार वाले बुकी होने से इनकार कर रहे हैं। बता दें कि बृहस्पतिवार की रात गुरुग्राम का रहने वाला सचिन गोदा अपनी मां दर्शना पत्नी मोनिका और दो बच्चों के साथ गुरुग्राम से संगरूर शादी में शामिल होने जा रहा था। करीब 8 बजे वे लाखनमाजरा के पास हरपुंज होटल में खाना खाने के लिए रुके। खाने के बाद सचिन करीब 11 बजे होटल से बाहर निकला तो अचानक सफेद रंग की गाड़ी में 2-3 बदमाश आए और सचिन पर ताबड़तोड गोलियां बरसा दी। सचिन पर 30 से 35 राउंड फायरिंग की गई, माना जा रहा है कि 13 से 14 गोलियां सचिन गोदा को लगी हैं। उसे पीजीआई में भर्ती करवाया गया। इसके बाद परिजन दिल्ली निजी अस्पताल में ले गए।

## की जा रही छानबीन

गुरुग्राम के सचिन गोदा की हत्या के मामले में पुलिस लगातार छानबीन कर रही है। इसके लिए पुलिस की 4 अलग-अलग टीमें बनाई हुई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटनास्थल व आसपास में भी लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। -**सुरेश कुमार**, थाना प्रभारी, लाखनमाजरा



## दो युवक अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने दो युवकों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश रिमांड पर हासिल किया गया है। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि दतौड़ रोड के पास पैदल आ रहे युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान साहिल निवासी लाइन पार नजदीक रेलवे स्टेशन सांपला के रूप में हुई है।

## 19.5 लाख से ज्यादा की ठगी में दूसरा विदेशी आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने गूगल ग्लोबल अवार्ड में विजेता आने पर 1 करोड़ से ज्यादा का ईनाम मिलने का झांसा देकर साढ़े 19 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी करने के गिरोह में दूसरे विदेशी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। 9 फरवरी को मेडिकल कैम्पस पीजीआईएमएस निवासी रमेश चंद ने थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में सामने आया कि रमेश चंद पीजीआईएमएस में नौकरी करता है। 9 जनवरी को रमेशचंद की ईमेल आईडी पर एक ईमेल आई। जिसके बहकावे में आ गया।

## कंपनी कर्मचारियों ने 30 लाख का बेच डाला डीजल, केस

**सांपला।** नेशनल हाईवे का निर्माण करने वाली कंपनी में तैनात एक कर्मचारी ने करीब 30 लाख रुपये का डीजल तेल बेच डाला। कंपनी के पार्टनर अजायब निवासी समुंदर की शिकायत पर पुलिस ने जिला सोनीपत के गांव सिसाना निवासी सचिन के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। समुंद्र ने बताया कि वह कुंडू कंट्रक्शन कंपनी के साथ मिलकर मोर खेती गांव के पास उन्होंने एक डीजल तेल का प्लांट लगाया हुआ है। नेशनल हाइवे निर्माण के लिए लगाए गए वाहनों के लिए वहीं से तेल डाला जाता है।







परीक्षा | 48 परीक्षा केंद्रों पर हो रही परीक्षाएं, 178 रहे अनुपस्थित

# 10,935 ने दिया हिंदी का पेपर, एक यूएमसी केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हरियाणा बोर्ड की दसवीं की हिंदी की परीक्षा में शनिवार को 178 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसके अलावा एक यूएमसी केस भी बनाया गया। परीक्षा 11113 विद्यार्थियों में से 10935 ने दी। अब 4 मार्च को बारहवीं कक्षा का कैमिस्ट्री, अकाउंट और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन का पेपर है और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों का 5 मार्च को संस्कृत, कम्प्यूटर साइंस, म्यूजिक, फिजिकल एजुकेशन का पेपर है। शिक्षा विभाग ने नकल रहित परीक्षा करवाने को लेकर पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं।



## सेंटरों पर समय से आधा घंटा पहले पहुंचे विद्यार्थी

दसवीं कक्षा के विद्यार्थी परीक्षा के समय से आधा घंटा पहले ही अपने अपने सेंटरों पर पहुंच गए थे। आई कार्ड चैक करने के बाद ही छात्रों को परीक्षा में बैठाया गया। सभी सेंटरों पर ऑब्जरवर नियुक्त किए गए हैं। वहीं दसवीं व बारहवीं की परीक्षा के लिए 48 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

## 2 अप्रैल तक चलेंगी परीक्षाएं

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक की परीक्षाएं 2 अप्रैल तक चलेंगी। इन परीक्षाओं को शांतिपूर्वक व नकल रहित संपन्न करवाने के को लेकर आदेश जारी किए गए हैं। 2 अप्रैल तक परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में आने वाली फोटोस्टेट की दुकानें भी परीक्षा अवधि के दौरान बंद रहेगी। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में 5 या उससे अधिक लोगों के एक स्थान पर एकत्रित होने, हथियार जैसे आग्नेशस्त्र, तलवार, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू व अन्य हथियार लेकर चलने पर पाबंदी लगाई गई है। 48 परीक्षा केंद्रों में महम उपमंडल में 9, रोहतक उपमंडल में 32 तथा सांपला उपमंडल में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।



# जब शेयर बाजार में हो झमाझम तो बदलावों को पहचानना जरूरी

सुझाव | बिजनेस डेस्क

*शेयर बाजार में लगातार तेजी दिख रही है। आखिर ऐसा क्यों नहीं हो। इस समय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है। सभी क्षेत्रों में अवसर खुल रहे हैं। लेकिन इसमें भी साइकिल चलता है। इस साइकिल में वक्त को पहचानना बड़ी कला है। इसलिए निवेशक म्यूचुअल फंड में बिजनेस साइकिल फंड को तरजीह देते हैं। ऐसे में निवेशकों को भी समझदारी के साथ निवेश करना चाहिए, वरना नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।*

भारतीय इक्विटी बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। आज शेयर बाजार बढ़कर खुला। लगातार कारोबारी सत्र के दौरान शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला जारी रहा था। बैंक और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली चुनिंदा कंपनियों के शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार में तेजी आई है। आखिर तेजी क्यों नहीं आए? इस समय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है। इसलिए सभी क्षेत्रों में अवसर खुल रहे हैं। हालांकि आर्थिक भाग्य और व्यक्तिगत व्यवसायों की किस्मत दोनों चक्रीय हैं। यह पिछले प्रदर्शन को भविष्य के लिए अविश्वसनीय मार्गदर्शक बनाता है। यदि पीछे मुड़ कर देखें तो पिछले दो दशकों में भारतीय बाजार का नेतृत्व करने वाले क्षेत्रों और शेयरों में भारी बदलाव आया है। जब शेयर बाजार में झमाझम हो तो निवेशकों को भी संयम और समझदारी के साथ निवेश कर अपनी पूंजी को बढ़ाना चाहिए। इससे निवेशक बिना किसी नुकसान के अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

## अर्थव्यवस्था के कई मोड़

बाजार के जानकारों का कहना है कि साल 2003-04 के बाद 2011 और 2013 के बीच अगला महत्वपूर्ण मोड़ आया और उसके बाद 2016 आया जब नोटबंदी की घोषणा की गई। इनमें से प्रत्येक चरण के दौरान कुछ क्षेत्र प्रमुखता में आए। ऐसे चरण को तब पहचानना कठिन होता है जब कोई उनसे गुजर रहा हो। यहीं पर बिजनेस साइकल आधारित निवेश का समय आता है। सतपती के मुताबिक, बिजनेस साइकल फंड में निवेश आम तौर पर मैक्रोज पर आधारित होता है और इसमें अलग-अलग विशेषताएं होती हैं। पहली टॉप-डाउन दृष्टिकोण जो थीम बदलावों की पहचान करने में आगे है। यह पूरे ब्रह्मांड में अवसरों को भुनाने के लिए मार्केट कैप के आधार पर निवेश करती है। खासकर उन चुनिंदा विषयों पर अधिक ध्यान दी जाती है, जहां दृढ़ विश्वास है उन थीम और क्षेत्रों में उच्च और केंद्रित महत्व जहां कोई व्यक्ति क्षमता के प्रति आश्वस्त हो।

## बदलाव की पहचान करें

बाजार के विशेषज्ञ बताते हैं कि इस तरह के निवेश के लिए टॉप-डाउन दृष्टिकोण के साथ-साथ क्षेत्र और व्यावसायिक बदलावों की पहचान करने में उच्च स्तर की निपुणता की जरूरत होती है। क्योंकि, बाजार का नेतृत्व करने वाले विषय और क्षेत्र तेजी से बदल सकते हैं। ऐसे निवेशक के लिए, जो ऐसी थीम में निवेश करना चाहता है, यह समझना जरूरी है कि निवेश करते समय उसे दीर्घकालिक दृष्टिकोण रखना चाहिए क्योंकि कॉल आने में कुछ समय लग सकता है।

## बिजनस साइकिल पर आधारित फंड

म्यूचुअल फंड बाजार पर नजर डालें तो बिजनेस साइकल पर आधारित कई फंडों के ऑफर हैं। इस क्षेत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड रहा है। फंड का तीन साल का ट्रैक रिकॉर्ड है और इसने अब तक शानदार रिटर्न दिया है। शुरुआत यानी तीन साल पहले से किसी निवेशक ने यदि एसआईपी के माध्यम से 10,000 रुपये का मासिक किया होगा तो अभी तक का उनका कुल निवेश 3.6 लाख रुपये का होगा। 1 जनवरी 2024 तक इस निवेश का मूल्य 5.23 लाख रुपये होगा, यानी पूंजी में 1.63 लाख रुपये की बढ़त। यह 26.8% का सीएजीआर रिटर्न दर्शाता है।



निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

**जहां निवेश कर रहे हैं एक बार उस कंपनी के बारे में जान लें**

■

**आपकी पूंजी को कई गुना तक बढ़ा सकते हैं म्युचुअल फंड**

## एसआईपी के जरिये निवेश कर कमा सकते हैं मोटा मुनाफा, अपने लक्ष्य तय करके निवेश की योजना बनाएं

# अगले तीन साल में पैसों की बरसात कर सकते हैं इक्विटी म्युचुअल फंड

*आज हर इंसान अपने परिवार को करोड़पति बनता देखना चाहता है, लेकिन ज्यादातर लोगों को शानदार रिटर्न देने वाले म्युच्युअल फंड की जानकारी नहीं होती है। इस कारण कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, यहां तक कि कई बार तो गलत जगह निवेश कर नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए जरूरी है कि निवेश करने से पहले एक बार बाजार के रुख को समझ लेना चाहिए। किसी वित्तीय सलाकार से भी मदद ले सकते हैं।*

आजकल हर कोई अमीर बनना चाहता है और इसके लिए कोई न कोई जतन जरूर कर रहा है। अगर आप भी ईमानदारी से पैसे कमाकर अमीर बनना चाहते हैं तो पहले अपने लक्ष्य तय करें और लंबी अवधि के लिए निवेश करें। इससे आप कुछ ही समय में अमीर यहां तक की करोड़पति भी बन सकते हैं। आज हर इंसान अपने परिवार को करोड़पति बनना देखना चाहता है, लेकिन ज्यादातर लोगों को शानदार रिटर्न देने वाले म्युच्युअल फंड की जानकारी नहीं होती है। इस कारण कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, यहां तक कि कई बार तो गलत जगह निवेश कर नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए जरूरी है कि निवेश करने से पहले एक बार बाजार के रुख को समझ लेना चाहिए। किसी वित्तीय सलाकार से भी मदद ले सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसे पांच म्युचुअल फंड के बारे में जो अगले तीन सालों में आपकी पूंजी को कई गुना तक बढ़ा सकते हैं और आपको मालामाल कर सकते हैं। ये फंड आपके लिए पैसों की बरसात कर सकते हैं।



### क्वांट फ्लेक्सी कैप फंड

क्वांट फ्लेक्सी कैप म्यूचुअल फंड का नाम बाजार में इस समय काफी अच्छा खासा है बात करें इस म्यूचुअल फंड की तो इसने बीते 3 वर्षों से हर वर्ष अपने निवेशकों को करीब 34% के आसपास का रिटर्न दिया है जो की काफी अच्छा माना जाता है। अगर हम बात करें इस म्युचुअल फंड की शुरुआत के बारे में तो इस म्युचुअल फंड की शुरुआत 17 अक्टूबर 2008 को हुई थी। इस समय यह काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और निवेशकों को मालामाल कर रहा है। इसलिए आप भी इस फंड में लंबी अवधि के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं।

### क्वांट स्मॉल कैप फंड

क्वांट स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड ने निवेशकों की किस्मत ही बदलकर रख दी है इस म्युचुअल फंड के अंदर पैसा निवेश करोगे तो यह पैसा शेयर बाजार की जाकर छोटी कंपनियों में लगेगा वहां पर जो रिटर्न निकलेगा वह रिटर्न आपको प्रदान कर दिया जाएगा। बात करें इस म्युचुअल फंड की शुरुआत के बारे में तो यह म्युचुअल फंड 29 अक्टूबर 1996 को शुरू हुआ था आप भी इस म्युचुअल फंड के अंदर अपना पैसा निवेश कर सकते हो। बीते 3 वर्षों से लगातार हर वर्ष इस म्युचुअल फंड ने अपने निवेशकों को 30% के आसपास का रिटर्न दिया है जो की काफी अच्छा माना जाता है अगर लंबे समय की अवधि में देखा जाए।

### क्वांट मिडकैप फंड

क्वांट मिडकैप म्युचुअल फंड ने भी अपने निवेश को की खूब कमाई करवाई है बात करें म्युचुअल फंड के रिटर्न के बारे में तो इस म्युचुअल फंड ने अपने निवेशकों को करीब हर वर्ष 28% के आसपास का रिटर्न दिया है बात करें इस म्युचुअल फंड की शुरुआत के बारे में तो यह म्युचुअल फंड 20 मार्च 2001 को शुरू हुआ था आपकी जानकारी के लिए बता दें यह म्युचुअल फंड शेयर बाजार में पैसा लगता है यह म्युचुअल फंड शेयर बाजार की कंपनियों पैसा डालेगा जिनका केपीटलाइजेशन 50ए000 करोड़ से भी ज्यादा है। निवेश के मामले में यह भी बहुत बढ़िया विकल्प हो सकता है।

### एचएसबीसी स्मॉल कैप फंड

एचएसबीसी स्मॉल कैप म्युचुअल फंड के अंदर भी लाखों लोगों ने पैसा निवेश किया है इस म्युचुअल फंड ने भी लगातार 3 वर्षों तक हर वर्ष अपने निवेशकों को 35% के आसपास का रिटर्न दिया है आप इस म्युचुअल फंड के अंदर निवेश करते हो तो यकीन मानीय आप काफी कम अवधि में काफी सारा पैसा बना सकते हो। बढ़िया रिटर्न देने के मामले में भी यह म्युचुअल फंड काफी शानदार रहा है इसमें आपको जोखिम का सामना करना पड़ेगा औ उस पर आपको रिटर्न भी काफी अच्छा मिलता है।

### निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप फंड

यदि आप म्युचुअल फंड के जरिए शेयर बाजार में निवेश करना पसंद करते हो तो आप निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप फंड के अंदर भी पैसा डाल सकते हो बात करें इसके रिटर्न के बारे में तो इसने भी अपने निवेशकों को खूब कमाई कराई है। इस म्युचुअल फंड में भी लगातार 5 वर्षों से अपने निवेश को हर वर्ष 31% के आसपास का रिटर्न दिया है जो की काफी अच्छा माना जाता है। इस म्युचुअल फंड के अंदर निवेश करते हो तो थोड़ा जोखिम भी ज्यादा रहेगा, लेकिन इसमें आपको रिटर्न भी काफी तगड़े मिलने वाले हैं यदि आप लंबे समय के लिए पैसा डालते हो तो तो फिर आपका पैसा 100% बढ़ाने वाला है।

*डिस्क्लेमरः यहां बताए गए स्टॉक्स ब्रोकरेज हाउसेज की सलाह पर आधारित हैं। यदि आप इनमें से किसी में भी पैसा लगाना चाहते हैं तो पहले सर्टिफाइड इनवेस्टमेंट एडवायजर से परामर्श कर लें। आपके किसी भी तरह की लाभ या हानि के लिए लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।)*

## पैसा बनाने ये 'फॉर्मूला' समझ गए तो बनेंगे अमीर -निवेश करने से पहले फाइनेंशियल प्लानिंग जरूरी

जानकारी | बिजनेस डेस्क

अगर आप भी अमीर बनने के लिए निवेश का कोई जुगाड़ ढूंढ़ रहें हैं तो पहले अपनी फाइनेंसिंग प्लानिंग तैयार कर लें। इसके बाद अपने लक्ष्य तय करें और लंबी अवधि के निवेश का प्लान बनाएं, फिर देखना आपको अमीर बनने से कोई नहीं रोक सकता। निवेश पर मिलने वाले ब्याज का ब्याज ही आपको बेहद कम समय में अमीर बना देगा। बस आपको यह ध्यान रखना होगा की किसी परिस्थित में निवेश की गाड़ी को रुकने नहीं देना है। इसके बाद सबकुछ भूल जाइये और इनकम देखिये। पैसा कमाना आसान काम नहीं है, लेकिन, उससे भी मुश्किल है उस पैसे से पैसा बनाना। यहां काम आता है निवेश। फिर भी निवेश से आप उतना नहीं हासिल कर सकते, जितना सोचा हो। फिर ढूंढ़ते हैं कि ब्याज कहां ज्यादा मिलेगा। किस प्रोडक्ट में पैसा लगाएं। बस यहीं काम आता है कम्पाउंडिंग का फॉर्मूला। अगर आप कम्पाउंड इंट्रस्ट की ताकत को समझ लेते हैं तो आपको धनवान बनने से कोई नहीं रोक पाएगा। कुछ समय में रिच से सुपर रिच तक बन जाएंगे। कहा भी गया है कि पैसा 24 घंटे काम करता है, जबकि व्यक्ति तो 8, 10 या 12 घंटे तक ही काम कर पाता है।

# लंबी अवधि के लिए करें निवेश, खूब बरसेगा धन

> **"आपको यह ध्यान रखना होगा कि किसी परिस्थिति में निवेश की गाड़ी को रुकने नहीं देना है। इसके बाद सबकुछ भूल जाइये और इनकम देखिये। पैसा कमाना आसान काम नहीं है, लेकिन उससे भी मुश्किल है, उस पैसे से पैसा बनाना।**



**क्या है कम्पाउंड इंट्रस्ट ? :** अब हम आपको समझाते हैं कंपाउंडिंग का गणित जो आपको बेहद कम समय में ही धनवान बनाने का माद्दा रखता है। चक्रवृद्धि ब्याज बचपन में स्कूल में भी इसे पढ़ाया जाता है, लेकिन, हकीकत में इसकी ताकत सिर्फ एक इन्वेस्टर को ही समझ आती है। आसान तरीके से समझें तो निवेश करने पर जो आपको ब्याज मिल रहा है, उस पर जो ब्याज मिलेगा वो कम्पाउंडिंग कहलाता है। मूलधन के साथ उसके ब्याज पर भी ब्याज मिलता है। कम्पाउंडिंग आपके निवेश को दोगुना, तीन गुना करने का सबसे बढ़िया जरिया है।

## निवेश जितना जल्दी शुरू करेंगे, उतना लाभ मिलेगा इन्वेस्टमेंट लंबी अवधि के लिए होना चाहिए

### कंपाउंडिंग को ऐसे समझें

**10 साल के 10 हजार की एसआईपी**

- अनुमानित रिटर्नः 12 फीसदी (सालाना)
- निवेश की अवधिः 10 साल
- कुल निवेशः 12 लाख रुपये
- एसआईपी की कुल वैल्यूः 23,23,391 रुपये
- फायदाः 11,23,391 रुपये

15 साल तक 10 हजार का एसआईपी निवेश

- अनुमानित रिटर्नः 12 फीसदी सालाना
- निवेश की अवधिः 15 साल
- आपका कुल निवेशः 18 लाख रुपये
- एसआईपी की कुल वैल्यूः 50,45,760 रुपये
- फायदाः 32,45,760 रुपये

**20 वर्ष तक रु. 10000 एसआईपी निवेश**

- अनुमानित रिटर्नः 12 फीसदी सालाना
- निवेश की अवधिः 20 साल
- आपका कुल निवेशः 24 लाख रुपये
- एसआईपी की कुल वैल्यूः 99,91,479 रुपये
- फायदाः 75,91,479 रुपये

### जितना लंबा निवेश, उतना ज्यादा लाभ

कम्पाउंडिंग की ताकत तब समझ में आएगी, जब आप कम उम्र से ही निवेश की शुरुआत करेंगे। जितना ज्यादा वक्त अपने निवेश को देंगे, उतना ही फायदा आपको मिलेगा। 5-10 साल के बजाए 20-25 साल के निवेश पर कम्पाउंडिंग भी ज्यादा होगी। इसलिए कंपाउंडिंग ही आपको आसानी से अमीर बना सकती है। एक निवेशक के तौर पर भी देखा जाए तो हमेशा लंबी अवधि के लिए निवेश करने वाला ही अच्छा मुनाफा कमा पाता है। इसलिए जब भी निवेश करें, लंबी अवधि के लिए पैसा लगाएं।

## मिनटों में हासिल करें पैन नंबर अब एक भी पैसा नहीं होगा खर्च

परमानेंट अकाउंट नंबर (पैन) भारत में एक जरूरी दस्तावेज है, जो फाइनेंस से जुड़े कामों में अनिवार्य है। अगर आपक पास पैन नहीं है तो फाइनेंस से जुड़े कई काम रुक जाएंगे। ऐसे में अगर आपके पास पैन नहीं है तो इसे जल्द से जल्द बनवा लें। अगर आपको तुरंत या 1 से 2 दिन में ही पैन कार्ड की जरूरत है तो आप कुछ मिनटों में ही अपना पैन नंबर ऑनलाइन पा सकते हैं। सरकार इसके लिए आधार कार्ड बेस्ड इंस्टैंट पैन की सुविधा देती है। इसके जरिए आप अपना पैन नंबर मिनटों में हासिल कर सकते हैं।

**ई-पैन कार्ड** में आपके सभी डिटेल के साथ एक क्यूआर कोड होता है, जिसमें नाम, जन्मतिथि, फोटोग्राफ और एक यूनिक 10-डिजिट अल्फान्यूमेरिक कोर्ड शामिल होता है। ऑनलाइन ई-पैन कार्ड के लिए कोई चार्ज भी नहीं देना होता है। इंस्टैंट पैन का उपयोग भी पारंपरिक पैन कार्ड की तरह ही आयकर रिटर्न या आईटीआर जमा करने, आयकर का भुगतान करने, डीमैट खाता या बैंक खाता खोलने, डेबिट या क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करने जैसे उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।

### ऑनलाइन ऐसे हसिल करें

- सबसे पहले इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ई-फाइलिंग पोर्टल साइट (**www.incometax.gov.in**) पर जाएं।
- आपको इंस्टैंट पैन का ऑप्शन दिखेगा। उस पर क्लिक करें। गेट ईपैन पर क्लिक करें।
- अब आवेदन पेज ओपन होगा, उसमें अपना 12-डिजिट का आधा कार्ड नंबर दर्ज करें।
- उसके बाद आई कंफर्म दैट चेक बॉक्स को सेलेक्ट करें और 'कांटिन्यू' बटन पर क्लिक करें।
- फिर ओटीपी वेरिफिकेशन के लिए पेज ओपन होगा, शर्तें पढ़कर 'कांटिन्यू' पर क्लिक करें।
- रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर प्राप्त आधार ओटीपी दर्ज करें और यूआईडीएआई के साथ अपने आधार डिटेल को वेलिडेट करने के लिए सहमत होने के बाद 'वेलिडेट आधार ओटीपी एंड कांटिन्यू' बटन पर क्लिक करें
- सभी वेरिफिकेशन के बाद ईपैन को देखने के साथ डाउनलोड करने का ऑप्शन भी शो हो जाएगा।

# गेमचेंजर सरकारी योजनाएं , महिलाओं, किसानों से कारोबारियों तक को लाभ

जैसे से जैसे देश में लोकसभा का चुनाव पास आ रहा है, 'मोदी की गारंटी' की चर्चा भी तेज हो रही है। खुद पीएम मोदी भी बार बार अपने संबोधनों में 'मोदी की गारंटी' का इस्तेमाल करते हैं। उन्ही के लहजे में कहे तो इन शब्दों के जरिए वह देश के अलग अलग तबके के लोगों के लिए कुछ करने, उन्हें कुछ देने के लिए प्रेरित करते हैं। फिलहाल मौजूदा समय में सरकार द्वारा शुरू की गई कई योजनाएं हैं, जिन्हें 'मोदी की गारंटी' से जोड़कर देखा जा रहा है। बहुत से लोग मानते हैं कि इनमें से कुछ योजनाएं खुद मोदी के लिए आगामी चुनाव में गेमचेंजर साबित हो सकती है, जैसा कि कुछ योजनाओं का पहले भी असर देखने को मिल चुका है। इस रिपोर्ट के जरीये जानते है ऐसी 10 सरकारी योजनाओं के बारे में जो महिलाओं, किसानों, कामगारों से कारोबारियों तक को फायदा पहुंचाएंगी और लोगों को निवेश के लिए भी लुभाएंगी।

सलाह
बिजनेस डेस्क

- महिला सम्मान बचत पत्र पर मिल रहा 7.5 फीसदी ब्याज
- पीएम विश्वकर्मा के तहत मिल रही 8 फीसदी तक सब्सिडी

### महिला सम्मान बचत पत्र

पिछले साल आम बजट वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार ने महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट 2023 योजना की घोषणा की थी। सरकार ने महिलाओं और लड़कियों को वित्तीय सुरक्षा देने के लिए इस योजना की शुरूआत की। महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट पर सरकार जनवरी से मार्च 2024 के लिए 7.5 फीसदी की दर से ब्याज दे रही है। इसकी मैच्योरिटी 2 साल है। इस योजना के तहत कोई महिला अपनी ओर से या किसी नाबालिग बच्ची की ओर से बतौर अभिभावक अकाउंट खुलवा सकती है। इस खाते में कोई भी अकाउंटहोल्डर 1000 रुपये से लेकर 2,00,000 रुपये तक सालाना जमा कर सकता है। खाता खोलने की तारीख से एक साल बाद योग्य शेष राशि का 40% निकासी किया जा सकता है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना

पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा लॉन्च की गई स्कीम पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों को दिए जाने वाले लोन पर सरकार 8 फीसदी तक सब्सिडी दे रही है। यानी इस योजना के तहत कारगर 3 लाख रुपये तक का लोन ले सकते हैं, वह भी सिर्फ 5 फीसदी के रियायती ब्याज पर। इस योजना में बढ़ई, स्वर्णकार, लोहार, राजमिस्त्री, पत्थर की मूर्ति तराशने वाले मूर्तिकार, नाई और नाविक से जुड़े 18 क्षेत्र शामिल हैं। सरकार इसके तहत 3 लाख रुपये तक का कर्ज देगी। शुरुआत में 1 लाख रुपये का कर्ज दिया जाएगा और 18 महीने तक पेमेंट करने के बाद बेनेफिशियरी अतिरिक्त 2 लाख रुपये लोन के लिए पात्र होगा। ब्याज दर 5 फीसदी ही रहेगा। इस योजना में लाभार्थी को 500 रुपये का दैनिक भत्ता देने के साथ 5 दिनों तक कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

मोदी सरकार ने इस योजना की शुरुआत कोविड 19 के दौर में मार्च 2020 में की थी। इसके माध्यम से देश के 80 करोड़ नागरिकों को हर महीने मुफ्त राशन दिया जा रहा है। कोरोना महामारी के चलते लॉकडाउन के दौरान इस स्कीम को शुरू करके गरीबों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया गया था। इस स्कीम को मोदी सरकार के लिए बड़ा गेमचेंजर माना जा रहा है, क्योंकि इसका लाभ सीधे तौर पर बहुत बड़ी आबादी को मिल रहा है। मार्च 2020 में लागू होने के बाद यह योजना लगातार आगे बढ़ाई जा रही है। फिलहाल इस योजना को दिसंबर 2028 तक बढ़ा दिया गया है।

### पीएम स्वनिधि योजना

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना शहरी स्ट्रीट वेंडरों के लिए एक माइक्रो लोन स्कीम है, जिसकी शुरुआत 01 जून 2020 को हुई थी और इसका उद्देश्य 50,000 रुपये तक बिना किसी गारंटी के लोन की सुविधा प्रदान करना है। इस योजना के तहत सबसे पहले 10 हजार रुपये का लोन मिलता है, इसके बाद समय से लोन देने पर 20 हजार और फिर 50 हजार तक का लोन दिया जाता है। योजना के अंतर्गत, नियमित पुनर्भुगतान को 7 फीसदी ब्याज सब्सिडी के साथ प्रोत्साहित किया जाता है और डिजिटल लेनदेन को प्रति वर्ष 1200 रुपये तक के कैशबैक के साथ पुरस्कृत किया जाता है। यह योजना आधार-आधारित ईकेवाईसी का उपयोग करती है।

### पीएम किसान सम्मान निधि

पीएम किसान सम्मान निधि का ऐलान पीएम मोदी के दूसरे कार्यकाल के पहले किया गया था। इस योजना के तहत देश के छोटे, लघु और सीमांत किसानों को खेती करने में आर्थिक मदद देने के लिए केंद्र सरकार एक साल में 6000 रुपये की सहायता देती है। यह रकम साल में 3 अलग अलग किस्तों में यानी हर 4 महीने पर 2000 रुपये सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए जाते हैं। इस योजना में जमीन, आय के सोर्स और कुछ दूसरे पहलुओं को देखते हुए लाभार्थियों की पात्रता तय की जाती है।

### आयुष्मान भारत योजना

देश के गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के स्वास्थ्य का खयाल रखने के उद्देश्य से मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना चलाई है। इस स्कीम में आयुष्मान कार्ड धारकों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। दवा की लागत, चिकित्सा आदि का खर्च सरकार वहन करती है। इस योजना के पात्र लोग आयुष्मान कार्ड के जरिए सरकार द्वारा लिस्टेड अस्पतालों में मुफ्त में अपना इलाज करवा सकते हैं। केंद्र सरकार इस योजना के विस्तार के लिए भी 'आयुष्मान भव' अभियान चला रही है, जिसके तहत पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना :** यह स्कीम बीमाधारक की डेथ होने की स्थिति में उसके परिवार को 2 लाख तक की आर्थिक मदद दिलाती है। इसमें सिर्फ 436 रुपये सालाना का प्रीमियम भरकर इस स्कीम का लाभ ले सकते हैं। इस पॉलिसी को खरीदने के लिए आपकी न्यूनतम आयु 18 साल, जबकि अधिकतम उम्र 55 साल तय की गई है। बीमा प्रीमियम खाताधारक के खाते से ऑटो डेबिट किया जाता है। पीएमजेजेबीवाई की केंद्रीय बजट 2015-16 के दौरान घोषणा की गई थी।

**प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना :** भारत की बड़ी आबादी को सुरक्षित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना को साल 2015 में शुरू किया गया था। पहले इसका सालाना प्रीमियम 12 रुपये था, जिसे 1 जून 2022 से बढ़ाकर 20 रुपये कर दिया गया। इस योजना में आपको 2 लाख का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है। अगर आपकी उम्र 18 से 70 साल के बीच है तो आप साल में सिर्फ 20 रुपये देकर 2 लाख तक का कवरेज देने वाली इस सुरक्षा बीमा योजना को खरीद सकते हैं।

### अटल पेंशन योजना

यह कमजोर आय वर्ग के लिए गारंटीड पेंशन स्कीम है, जिसमें 18 साल से लेकर 40 साल तक की उम्र का कोई भी पात्र निवेशक भाग ले सकता है। इस स्कीम के जरिए 60 की उम्र के बाद हर महीने अधिकतम 5000 रुपये तक की गारंटीड पेंशन का इंतजाम है। पेंशन की राशि आपके निवेश पर निर्भर करती है। भारत का कोई भी नागरिक एपीवाई योजना शामिल हो सकता है। इसके लिए उसका एक बचत बैंक खाता डाकघर/बचत बैंक में होना चाहिए। जितना आप हर महीने जमा करेंगे, उतनी ही राशि सरकार अपनी ओर से जमा करती है।

### उज्ज्वला योजना

मोदी सरकार ने देश की महिलाओं की जिंदगी में बदलाव के उद्देश्य से मई 2016 में उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत बीपीएल कार्ड धारकों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जाता है और सब्सिडी पर एक साल में 12 गैस सिलिंडर मिलते हैं। सब्सिडी सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेता ने की सरकार से मुआवजे की मांग

**सांपला।** शनिवार को तेज आंधी के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसलों में हुए नुकसान को लेकर विपक्षी नेताओं ने सरकार से जल्द से जल्द फसलों की गद्दारी कराने की मांग की है। यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास खत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से किसानों की फसलों में काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार तुरंत फसलों की गिरदावरी करा के किसानों को प्रति एकड़ 50000 मुआवजा दें।

### एनएसएस से जुड़कर समाज सेवा करें विद्यार्थी

**रोहतक।** अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय में शनिवार को एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने दीप प्रज्वलित और पौधरोपण के साथ किया। यह विशेष कैंप निकटवर्ती गांव गढ़ी बोहर में लगाया गया है। जिसमें विद्यार्थी प्रतिदिन गांवों में विभिन्न प्रकार के जनजागरुकता के सामाजिक कार्यों के साथ ग्रामीणों से रू-ब-रू होंगे।

### लोस चुनाव के लिए महम में खोला चुनाव कार्यालय

**महम।** लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को महम में भाजपा का चुनाव कार्यालय खोला गया। ऑफिस का उद्घाटन वैसे तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम से वर्चअली किया। उद्घाटन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, महंत सतीश दास और भाजपा के पूर्व में प्रत्याशी रहे अजीत अहलावत समेत कई पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम में शिरकत की।

### मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान कार्यक्रम

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में शनिवार को मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के तत्वाधान में शपथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्या इन्दु सपरा रही। उन्होंने यूनिट 1,2 की स्वय सेविकाओं को वोट के संवैधानिक अधिकार के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मोनिका कौशिक व डॉक्टर मनीष बेदी मौजूद रहे।

### प्ले स्कूल को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

**रोहतक।** छोटूराम धर्मशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्ले स्कूल का 26 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित प्रशिक्षण का समापन हो गया। इस प्रशिक्षण में जिला रोहतक, सोनीपत, झज्जर, रेवाड़ी, गुरुग्राम, नूंह, पलवल व फरीदाबाद के रिसोर्स पर्सन द्वारा प्रशिक्षण में भाग लिया।

### ओलावृष्टि के कारण फसलों का नुकसानः हुड्डा

**रोहतक।** पूर्व मन्त्री व भाजपा नेता कृष्ण मूर्ति ने कहा कि ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलों का बहुत नुकसान हुआ है। वे शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर ओलावृष्टि के कारण किसानों के हुए नुकसान की विशेष गिरदावरी करवा उन्हें मुआवजा दिलवाने की मांग करेंगे।

### 7 मार्च के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित

# मुख्यमंत्री विभिन्न जिलों को देंगे विकास परियोजनाओं की सौगातः संजीव कौशल



### अतिरिक्त उपायुक्त ने विभागों से रिपोर्ट प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए

**ये रहे मौजूद**
बैठक में मुख्यमंत्री की सुशासन सहयोगी अमृता सेन, सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी दीपिका सैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मुख्यमंत्री मनोहर लाल 7 मार्च को जिला के लोगों को करोड़ों रुपए विभिन्न परियोजनाओं की सौगात देंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आज मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल तथा सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक मनदीप बराड़ मुख्य रूप से मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डॉ अमित अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 7 मार्च को वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के अलग-अलग जिलों को विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। उन्होंने इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। वीडियो कांफ्रेंस के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने जिला रोहतक की परियोजनाओं के बारे में संबंधित विभागों से रिपोर्ट प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए है। उन्होंने बताया कि जिला रोहतक में आधा दर्जन से भी अधिक विभागों की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने रोहतक विस कार्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया



■ मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, कहा सभी 10 सीटें फिर जीतेगी बीजेपी

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत को ध्यान में रखते हुए तैयारियां तेज कर दी है। शनिवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने ऑनलाइन रोहतक विधानसभा के कार्यालय का उद्घाटन किया। दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि 2019 की भांति 2024 के लोकसभा चुनाव में भी हरियाणा की जागरूक और समझदार जनता प्रधानमंत्री की झोली में सभी 10 सीटें डालकर मजबूत राष्ट्र बनाने में सहयोग करेगी। हुडा कॉम्प्लेक्स स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कार्यकर्ताओं के साथ उद्घाटन कार्यक्रम को देखा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष को विश्वास दिलाते हैं कि रोहतक लोकसभा की सीट पर कमल खिलाने का काम किया जाएगा। कार्यकर्ताओं को जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मदन लाल गोयल, महिला जिला अध्यक्ष उषा शर्मा, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश बागड़ी, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश भाटिया, मंडल अध्यक्ष अशोक सहगल, मोहित धन्वंतरी, साहिल मग्गू, डॉ रमा बल्हारा समेत तमाम पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इससे पहले, सभी नेताओं ने पूर्व उपमुख्यमंत्री और रोहतक विधानसभा से सात बार विधायक रहे डॉ मंगल सेन के स्टेच्यू पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगड़ा, मंडल अध्यक्ष राजीव भानकर, राजेश सहगल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

मार्केट न्यूज

### लोहचब होंडा ने करवाया फन राइड सेफ रैली का आयोजन



**रोहतक।** लोहचब होंडा द्वारा शनिवार को फन राइड सेफ रैली का आयोजन किया गया। जिसमें होंडा के हाई सीसीबाइक वाले ग्राहकों ने भागेदारी की। यह रैली रोहतक से सांपला तक आयोजित की गई। रैली में भाग लेने वाले ग्राहकों ने अपने अपने अनुभव सांझा किए और बताया होंडा टू व्हीलर पर लोगों का बहुत भरोसा है, होंडा का इंजन, टेकनोल्जी और सर्विस बहुत अच्छी है। लोहचब होंडा ने सभी ग्राहकों को पौधे देकर उनका रोपण भी करवाया। साथ ही रोड सेफ्टी के बारे में बताया और हेलमेट की अहमियत को भी समझाया। सभी ग्राहकों ने लोहचब होंडा का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए ताकि सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी मिलती रहे।

### हिंदू कॉलेज का दीक्षांत समारोह 6 को



**रोहतक।** श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज में 6 मार्च को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे तथा राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा समारोह की अध्यक्षता करेंगे और पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर विशिष्ट अतिथि होंगे। ये बात संस्थान के प्रधान सुदर्शन धींगड़ा ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। संस्थान के पूर्व प्रधान राजेश सहगल ने कहा कि आज का समय भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को जोड़कर रखने का है, इसलिए हमने कोट और हैट के स्थान पर साड़ी और कुर्ता पजामा ड्रेस कोड रखा है, जो भारतीय सभ्यता और संस्कृति की पहचान है, जिसे हमें संजोकर रखना है। सुदर्शन कुमार धींगड़ा ने कहा कि विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह में आकर दीक्षा लेना मान सम्मान की बात है। दीक्षार्थी होने का एहसास विद्यार्थी के मनोबल को बढ़ाता है। प्राचार्य डाक्टर अनिल कुमार तनेजा ने बताया कि यह महाविद्यालय का 13वां दीक्षांत समारोह है इस अवसर पर हिंदू शिक्षण संस्थान के वरिष्ठ उप प्रधान अश्वनी खुराना, सचिव जितेंद्र मेहता, श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज के प्रबंधक श्याम कपूर, डॉक्टर रश्मि छाबड़ा, अनिला बठला, डाक्टर अंजू देशवाल, डाक्टर चित्रा शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पठानिया स्कूल में हुई गणित प्रश्नोत्तरी

■ गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



पठानिया वर्ल्ड कैंपस में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक से पांच तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कक्षा एक से तीन तक के बच्चों को आर्यभट्ट, भास्कर, रामानुजन, हरिश्चंद्र व ब्रह्मगुप्त आदि टीमों में बांटा गया। इस प्रतियोगिता में टैंगल टास्क, रैपिड फायर, आंसर इन वन वर्ड, लुक ऑब्जर्व एंड आंसर से संबंधित प्रश्न पूछे गए। कक्षा एक व दो में हरिश्चंद्र और कक्षा तीन में ब्रह्मगुप्त टीम विजेता रही। कक्षा चार व पांच के बच्चों को पेगासस, फियोनिक्स, डेलफिंस, सिग्नस व यूनिकॉर्न आदि टीमों में बांटा गया। इस प्रतियोगिता में हु एम आई, विजुअल राउंड, अंडरस्टैंडिंग राउंड, टेल माई कैपेसिटी, ब्रेन टीजर, लेट अस कैलकुलेट आदि से संबंधित प्रश्न पूछे गए। कक्षा चार से डेलफिंस तथा कक्षा पांच से पेगासस टीम विजेता रही। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। इस मौके पर स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्या वर्षा पठानिया, उप प्रधानाचार्या सुनीता मोर, मुख्याध्यापिका सुमन राठी, को-ऑर्डिनेटर रजनी गुलाटी व नीरू खुराना ने बच्चों को पुरस्कार वितरण करते हुए उनकी हौसला अफजाई की तथा भविष्य में होने वाली इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में 24वां स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल कारोर में 24वें स्थापना दिवस पर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ वेद मंत्रो द्वारा यज्ञ में आहुति डालकर किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करते हुए सभी का मन मोह लिया। जिले में प्रथम स्थान प्राप्त बाल कलाकार मायरा और लावण्या ने नृत्य कला का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सभी ने तालियां बजाकर हौंसलाअफजाही की। उन्हें दर्शकों ने 10 हजार रूपये ईनाम स्वरूप दिए। प्राचार्या ज्योति मलिक ने विद्यार्थियों को मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान और चरित्र ही विद्यार्थी के आभूषण हैं। संस्था के निदेशक वैदिक विद्वान ईश्वर सिंह शास्त्री ने समस्त स्टाफ की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये 24 वर्षों का परीक्षा परिणाम आपकी कार्य कुशलता और अथक प्रयास का फल है, जो विद्यालय दिन दो गुनी और रात चौगुनी उन्नति कर रहा है। बता दें कि 2 मार्च 2001 में दिल्ली के मुख्यमंत्री स्वर्गीय डा. साहिब सिंह वर्मा ने विद्यालय की आधारशिला रखी थी। पढ़ाई, खेलों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अनेक प्रतियोगिताओं में सम्पूर्ण उत्तर भारत में संस्था ने नया कीर्तिमान स्थापित करके हरियाणा में विद्यालय का नाम रोशन किया है। विगत 24 वर्षों में सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम उत्तर भारत में सर्वश्रेष्ठ रहा। जिससे विद्यालय ए ग्रेड श्रेणी शामिल हुआ। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य राजेन्द्र भनवाला, मंचीता मलिक कमिश्नर आईआरबी दिल्ली, नीलम शालिनी, प्रो. मधुकर विद्यालंकार, कर्नल आरएस मलिक, नीरज कुमार, पूजा बंसल, नीलम अहलावत, रसना दलाल, जयदीप जांगड़ा, नरेश हुड्डा, सरजीत डबास, मोहन प्रकाश दहिया, अभि लक्ष्य डाबला, मंजू रानी, प्रियंका ढाका, प्रीति शर्मा, रीना पाटिल, नरेन्द्र अहलावत, मंजू सिंधु, बबीता, निर्मला मलिक, ज्योति सिंधु आदि मौजूद रहे।

## मदवि में एमडीयू एम्प्लाइज वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

■ चेस प्रतियोगिता में नरेश कुमार विजयी बने तथा ऋषिपाल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय एमडीयू एम्प्लाइज वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शनिवार को संपन्न हो गई। एमडीयू के खेल परिसर में आयोजित इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रातः वॉलीबाल खेल का आयोजन किया गया, जिसमें पंकज नैन की टीम विजयी रही। आयोजित चेस प्रतियोगिता में नरेश कुमार विजयी बने तथा ऋषिपाल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। चेस महिला प्रतियोगिता में ज्योति ने प्रथम तथा निशा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। रिले में कांता, सुनिता, मंजु व ज्योति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोमवती, सुशीला, ज्योति व सुमन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। रिटायर्ड एम्प्लाइज जैवलिन में ईश्वर ने प्रथम, निरंजन कुमार ने दूसरा तथा राम करण हुड्डा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी में सुरेश कौशिक और सिक्युरिटी की टीम प्रथम रही। रस्साकशी में दूसरे नंबर पर अमित मलिक व नवीन ओल्हयाण की टीम रही। इसके अलाव लंबी कूद, जैवलिन थ्रो, चार सौ मीटर, रिले रेस, एमडीयू एम्प्लाइज के बच्चों की रेस, कर्मियों के परिजनों की रेस तथा मटका रेस इत्यादि खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।



### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में हुई टैडी एक्टिविटी

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट की कक्षा नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के छात्रों ने टैडी एक्टिविटी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस एक्टिविटी में लिटिल चैंप्स ने अध्यापकों की निगरानी में टैडी बीयर द्वारा की गई। विभिन्न क्रियाओं को सतर्कता से देखा और उनका अनुसरण किया। इन सभी क्रियाओं को दोहराते हुए छात्रों के चेहरे प्रसन्नता से जगमगा रहे थे। प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की क्रियाओं के द्वारा से बच्चों में सतर्कता के साथ-साथ जागरूकता का विकास होता है जो विद्यार्थियों को मेलजोल बढ़ाने और नई क्रियाओं को सीखने में सहायक होता है। इस अवसर पर विद्यालय उपप्राचार्या मशेंका, सीमा दुआ, कनिका चावला, साक्षी व संदीप राठी, आदि उपस्थित रहे।

### आर्य स्कूल में विद्यार्थियों ने मनाया फन डे




**महम।** आर्य स्कूल मदीना में फन डे मनाते विद्यार्थी।

**महम।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में नॉन बोर्ड कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं सम्पन्न हो गई हैं। परीक्षाओं के बाद विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से मुक्त करने के लिए फन डे का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने लघु नाटिका, गीत, नृत्य, मूवी अवलोकन, हास्य व्यंग इत्यादि का जमकर लुफ्त उठाया। प्राचार्य अशोक दांगी ने बताया कि लगातार परीक्षाओं के चलते विद्यार्थियों की मानसिकता में तनाव की स्थिति पैदा हो जाती है, जिससे विद्यार्थी स्वतंत्र विचार विमर्श करने में असमर्थ हो जाता है और उसे रटंत की लत लग जाती है। इस अनावश्यक तनाव से मुक्त करने के लिए विद्यालय में फन डे का आयोजन किया गया, ताकि विद्यार्थी आगामी सत्र की पढ़ाई पूरी ऊर्जा और लग्न के साथ प्रारंभ कर सकें।



### वेदांशु ने जीता सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब

**रोहतक।** मातूराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। खेलकूद प्रतियोगिता में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्र वेदांशु ने सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब हासिल किया। छात्र-छात्राओं ने 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, लंबी कूद, डिस्कस थ्रो, गोला फेक आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। मुख्य अतिथि एमडीयू स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉक्टर आरपी गर्ग रहे। उन्होंने बताया कि खेलकूद में भाग लेने से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानवीय गुणों का विकास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वस्थ मानसिकता के साथ-साथ स्वस्थ शारीरिकता ही एक व्यक्ति को सफल बना सकती है और इसके लिए नियमित व्यायाम की आवश्यकता है। इस दौरान फीमेल फैकल्टी मेंबर्स के लिए खो खो तथा मेल फैकल्टी मेंबर्स के लिए क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। एमएस धनखड़ ने पुरस्कार वितरित किए। डायरेक्टर नवनीत अहलावत ने सभी छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

### योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री ने 13 फरवरी, 2024 को की थी

# सौर पैनल लगाने पर हर माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त अजय कुमार ने जिलावासियों का आह्वान किया कि सभी जिलावासी सरकार की ओर से लागू की गई पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं। इस योजना के तहत छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगवाने पर हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी। इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 फरवरी, 2024 को की थी।

अजय कुमार ने बताया कि यह योजना 2 किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए प्रणालीगत लागत के 60 प्रतिशत और 2 से 3 किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए अतिरिक्त प्रणालीगत लागत के 40 प्रतिशत के बराबर सीएफए प्रदान करेगी। सीएफए को 3 किलोवाट पर सीमित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मौजूदा मानक कीमतों पर इसका आशय एक किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए 30 हजार रुपये, 2 किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली के लिए 60 हजार रुपये और 3 किलोवाट या उससे अधिक वाली प्रणाली के लिए 78 हजार रुपये की सब्सिडी से होगा।

### राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से सब्सिडी के लिए करें आवेदन

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि इस योजना में शामिल होने वाले परिवार राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन करेंगे और छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए एक उपयुक्त विक्रेता का चयन करने में सक्षम होंगे। राष्ट्रीय पोर्टल स्थापित की जाने वाली प्रणाली के उचित आकार, लाभ की गणना, विक्रेता की रेटिंग आदि के बारे में प्रासंगिक जानकारी प्रदान करके परिवारों को उनकी निर्णय लेने की प्रक्रिया में सहायता प्रदान करेगा।

इस योजना में शामिल होने वाले परिवार 3 किलोवाट तक के आवासीय आरटीएस प्रणाली की स्थापना हेतु वर्तमान में लगभग 7 प्रतिशत के गारंटी-मुक्त कम-ब्याज वाले ऋण का लाभ उठाने में सक्षम होंगे।

इसके जरिए शहरी स्थानीय निकाय और पंचायती राज संस्थाएं भी अपने क्षेत्रों में आरटीएस स्थापनाओं को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न प्रोत्साहनों से लाभान्वित होंगी। सरकार ने इस योजना की शुरुआत के बाद से जागरूकता बढ़ाने और इच्छुक परिवारों से आवेदन प्राप्त करने हेतु एक व्यापक अभियान शुरू किया है। इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के इच्छुक परिवार pmsuryaghar.gov.in/ पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### जेजेपी नेता हरज्ञान मोखरा ने महम ड्रेन के तीन पंप हाऊस के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



**महम।** ड्रेन के पंप हाऊस पर निर्माण कार्य का शुभारंभ करने पहुंचे जेजेपी नेता हरज्ञान मोखरा का फूल माला पहनाकर स्वागत करते किसान।

**महम।** जननायक जनता पार्टी के प्रदेश महासचिव हरज्ञान मोखरा ने महम ड्रेन पर तीन पम्प हाउसों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। मोखरा ने कहा कि यह किसानों की पुरानी मांग थी। पम्प हाउसों के निर्माण से हजारों एकड़ जमीन बाढ़ मुक्त हो जाएगी। ये पम्प हाउस महम ड्रेन पर आरडी 57000, आरडी-58000 और आरडी-59000 पर स्थित हैं। इन पम्प हाउसों के निर्माण से महम हल्के के किसानों में खुशी की लहर है। इसके लिए किसानों ने उनका व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार व्यक्त किया है। जेजेपी नेता ने हरज्ञान मोखरा ने कहा कि दुष्यंत चौटाला किसानों के सच्चे हितैषी हैं और किसानों की मांगों को पूरा करने का काम करते हैं। यही वजह है कि हलका महम में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। कहा कि आगे भी विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस अवसर पर महावीर सोलंकी, कमल खटकड़, महावीर पंच, राज सिंह पंच, राज प्रधान, अवतार मलिक, ठेकेदार संदीप, मूंशी, चंद्रपाल प्रधान, डॉ. जय प्रकाश शर्मा, विजय वशिष्ठ, मंजीत खटकड़, सोनू खटकड़ मौजूद रहे।

### स्वच्छता का महत्व बताया

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान के तहत सभी स्वयंसेविकाओं ने खेल कूद के मैदान की सफाई की और अन्य छात्राओं को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्राचर्या डॉ. रश्मि लोहचब ने सफाई का महत्व बताया। शिविर का आयोजन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर सोफिया जाखड़ और डॉ. सविता मलिक की देख-रेख में हुआ। इस मौके पर गीता सहित अन्य उपस्थित रहे।

बवासीर व पुरुष समस्या विशेषज्ञ
98123-13648
शादी से घबराहट जोश व टाईम बढ़ाएं
उम्र की अधिकता या अन्य कारण से आई शारीरिक कमजोरी, निःसंतान मिलें
जब कहीं न आए आराम, हम करेंगे समाधान

Super Specialist नकलचियों से बचें
डॉ. मोहित जुनेजा
M.D. Ayurved (UK)
रोहतकः दिल्ली रोड, राज सिनेमा साथ, बेसमेंट के अंदर।

## शहर में आज

- सैनी कॉलेज में एनएसएस का शिविर।
- भारत विकास परिषद द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन जेपी इंटरनेशनल स्कूल सनसिटी, सेक्टर-36 में होगी।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।

## खबर संक्षेप

### महम काठमंडी में बसपा की जनसभा आज

**महम।** 3 मार्च को महम काठमंडी में रात्रि 8 बजे बसपा की जनसभा होगी। बसपा के पूर्व जिला सचिव अजीत सिंह मैहरा ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी के नेतृत्व में राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आकाश आनंद के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में 10 दिन के लिए संविधान बचाओ सत्ता परिवर्तन यात्रा शुरू की गई है। महम 3 मार्च को रात्रि ठहराव भी होगा। हरियाणा प्रदेश प्रभारी रणधीर बेनीवाल, प्रदेश प्रभारी कुलदीप बाल्यान, प्रदेश अध्यक्ष राजबीर सोरखी, उप अध्यक्ष चौधरी सहीराम, महासचिव डॉ संजय चौपड़ा, प्रदेश प्रभारी सुमेर जांगड़ा, प्रदेश कोषाध्यक्ष एडवोकेट संजय बौद्ध, प्रदेश सचिव प्रवीन मैहरा, आजाद चौपड़ा व प्रदेश की पूरी टीम साथ रहेगी।

### मदवि की चार छात्राएं बनीं सहायक प्रोफेसर

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के अर्थशास्त्र विभाग की चार छात्राओं का चयन दिल्ली विश्वविद्यालय में बतौर सहायक प्रोफेसर हुआ है। अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि विभाग की छात्राओं- डॉ. पूजा, डॉ. अनु, सपना व सरस्वती को दिल्ली विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के पद पर चयनित किया गया है। उन्होंने चयनित छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापकों ने चयनित छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामनाएं दी।

### नेकीराम कॉलेज में एनईपी पर कार्यशाला



**रोहतक।** नेकीराम कॉलेज में आईक्यूएसी के सहयोग से एनईपी 2020 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न महाविद्यालयों से 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रोफेसर नरसिम्हन बी ने एनईपी 2020 के कार्यान्वयन को बहुत ही सरल तरीके से समझाया और प्रोफेसर राजीव ने एनईपी 2020 की दृष्टि और मुख्य विशेषताओं पर ध्यान केंद्रित किया।

# बढ़ते अपराध पर तुरंत लगाम लगाएं दोषियों के साथ सख्ती बरतेः एसपी

## सभी थाना प्रभारी, गांव, वार्ड स्तर पर मौजिज व्यक्तियों के साथ करें बैठक





अपराध पर रोकथाम लगाने के लिए सरंपचों, पंच के साथ व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं

### 24 घंटे के अंदर एफआईआर दर्ज हो

एसपी हिमांशु गर्ग ने जघन्य अपराध, महिला विरुद्ध अपराध, डकैती, लूट आदि के अनुसंधानाधीन चल रहे प्रत्येक अभियोग के बारे में संबंधित अधिकारी से पूर्ण जानकारी हासिल कर अनुसंधान के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि मारपीट के मामलों में 24 घंटे के अंदर एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार करें। लड़ाई झगड़े का कोई भी मामला 30 दिन से ज्यादा लंबित ना हो।

### आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में दिया जाए

एसपी हिमांशु गर्ग ने कहा कि सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने व हंगामा करने वालों, नशा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। मादक पदार्थ व अवैध हथियार रखने वाले व बेचने वाले अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाए। आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर चालान न्यायालय में दिया जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एसपी हिमांशु गर्ग ने लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में सभी थानों के अधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से सभी थानों के एसएचओ से उनके क्षेत्र में होने वाले अपराध के बारे में चर्चा की और सख्त दिशा निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि रात्रि गश्त बढ़ाई जाए। अपराधियों पर शिकंजा कसा जाए। मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रवि खुंडिया, उप एसपी महम संदीप, उप पुलिस अधीक्षक सांपला राकेश, उप पुलिस अधीक्षक विरेंद्र, उप पुलिस अधीक्षक विवेक कुंडू आदि मौजूद रहे।

### तय समय पर करें कार्रवाई

एसपी ने कहा कि सीएम विंडो के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों पर तय समय सीमा के अंदर-अंदर आवश्यक कार्यवाही करते हुए निपटारा करें। पैरोल, शस्त्र लाइसेंस व अन्य सभी सत्यापनों पर तय समय सीमा के अंदर-अंदर आवश्यक कार्यवाही करते हुए कार्यालय पुलिस अधीक्षक में भिजवाए। एसपी ने कहा कि सभी थाना प्रभारी, गांव-वार्ड स्तर पर जाकर सरपंच, पंच व मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक करेंगे। कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए सहयोग लें। अपराध पर रोकथाम लगाने के लिए सरंपचों, पंच के साथ व्हाट्सएप ग्रुप बनाए और सूचना सांझा करें। अवैध कार्य करने वालो के खिलाफ सूचना पर तुंरत कार्यवाही करेंगे। नशीले पदार्थो का कार्य करने वालो की संपत्ति कुर्क कराई जाएगी। चौकीदारों को रात के समय चैक करें और उनके कार्य के बारे में जानकारी लें।

- नशीले पदार्थों का कार्य करने वालो की संपत्ति कुर्क कराई जाएगी : एसपी



# अग्रवाल वैश्य समाज ने दो लोकसभा व 15 विधानसभा टिकटों की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

### मुख्य बातें

- स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक देश की तरक्की में वैश्य समाज का सबसे बड़ा योगदान रहा : निवास गुप्ता

अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष निवास गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक देश की तरक्की में वैश्य समाज का सबसे बड़ा योगदान रहा है। वैश्य समाज का राजनीति में वर्चस्व बढ़ाने के लिए और उचित प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए अम्बाला में स्वाभिमान सम्मेलन आयोजित 10 मार्च को आयोजित किया जा रहा है।

ये बात उन्होंने दिल्ली बाईपास स्थित बीपी जैन स्कूल डेवलोपमेंट सेंटर पर अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज दो लोकसभा व 15 विधानसभा की टिकटों के साथ अपनी दावेदारी पेश करेगा। समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन ने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज पिछले 15 वर्षों से समाज को राजनीति के प्रति जागरूक करने का काम कर रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप चुनाव दर चुनाव शत प्रतिशत मतदान से लेकर चुनाव लड़ने तक समाज में राजनीतिक चेतना आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश में पिछले 15 सालों से सक्रिय वैश्य समाज के सबसे बड़े संगठन अग्रवाल वैश्य समाज ने समाज की राजनीतिक भागीदारी के लिए कमर कस ली है।

### अंबाला में होगा सम्मेलन

संगठन की रणनीति बताते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में 10 मार्च को अम्बाला में प्रदेशस्तरीय वैश्य स्वाभिमान सम्मेलन के जरिए समाज इस चुनाव में अपनी टिकटों की मांग को राजनीतिक दलों के सामने रखेगा। सुभाष तायल ने बताया कि स्वाभिमान सम्मेलन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर राजीव जैन, सुनील, प्रेम गर्ग, रमेश रोहिल्ला, सतनारायण अग्रवाल, विपिन गोयल, सन्नी निझावन, निधि गुप्ता, पूजा गुप्ता, रामचरण, विजय यादव, वरुण सिंगला आदि मौजूद रहे।

# दीपेंद्र हुड्डा ने रेलवे रोड का दौरा किया

- सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत रेलवे रोड इलाके में सघन दौरा किया और लोगों से मुलाकात की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत रेलवे रोड इलाके में सघन दौरा किया और लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता चरमराई कानून-व्यवस्था की स्थिति से बहुत चिंतित है। मार्केट के व्यापारियों ने उन्हें बताया कि कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। वे भय के माहौल में काम कर रहे हैं। हरियाणा में अपराधी बेखौफ और जनता खौफ के साये में जी रही है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में रोज गोलियां चल रही हैं, अब तो दिन नहीं घंटों के अंतराल पर मर्डर हो रहे हैं। अपराधियों के आगे बीजेपी-जेजेपी सरकार बेबस हो चुकी है। इस दौरान विधायक बीबी बतरा भी मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा शुरू, आठ तक होगा आयोजन, कलश यात्रा निकाली

**रोहतक।** श्री शिव मंदिर समाज सेवा संस्थान द्वारा शिव मंदिर वार्ड नंबर एक गांधीनगर में श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ हुआ। शिवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन का आयोजन 8 मार्च तक होगा। प्रधान तिलकराज परुथी ने बताया कि इस उपलक्ष में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा शिव मंदिर से चलकर गांधी कैंप बाजार से होते हुए नीलकंठ मंदिर पहुंची। तिलकराज परुथी ने बताया कि दिव्यानंद पुरी महाराज कथा सुनाकर सभी का मार्गदर्शन करेंगे। कथा का समय दोपहर 3 बजे से 6 तक रहेगा। इस अवसर पर अशोक खुराना सरप्रस्त, सुरेंद्र मालवा, कवल गोसाई, अनिल नागपाल, मदन बजाज, सुंदर लाल, रामस्वरूप, विक्रम सहित अन्य मौजूद रहे।



# बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन



- खेल खेलने से विद्यार्थियों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है : हंसराज बालवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल पब्लिक विद्यालय में कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें 100 मीटर रेस, लेमन रेस, फ्रॉग रेस व गुब्बारा रेस शामिल रहे। मुख्य अतिथि निदेशक हंसराज बालवान रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुरेंद्र सिंह व उप प्राचार्या अंजू मलिक ने की। कोर्डिनेटर सुनैना ने बताया कि खेल प्रतिस्पर्धा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक दिया गया। हंसराज बालवान ने खेलों का महत्व बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाता है, मनोबल को मजबूत करता है, साथ ही टीम वर्क और सहयोग की भावना को भी बढ़ाता है। खेल खेलने से विद्यार्थियों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है और यह उनके अध्ययन में भी करता है।

## मदवि के कैमिस्ट्री विभाग में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कैमिस्ट्री विभाग में वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन किया गया। कैमिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष एवं इस कार्यक्रम के कंवीनर प्रो. देवेंद्र सिंह, यूनिवर्सिटी के खेल निदेशक प्रो. आरपी गर्ग तथा फिजिकल एजुकेशन विभाग के अध्यक्ष प्रो. कुलताज सिंह ने खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एमएससी प्रथम तथा द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 100 तथा 200 मीटर रेस, क्रिकेट, टेबल टेनिस तथा बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 100 मीटर रेस में लड़कियों में प्रीति प्रथम, सुनिता द्वितीय तथा लिपिका तृतीय रही। लड़कों की 100 मीटर रेस में दीपक प्रथम, गौरव द्वितीय तथा अंकित तृतीय रहा। लड़कों की 200 मीटर रेस में दीपक प्रथम, अंकित द्वितीय तथा राजेंद्र तृतीय रहा। एमएससी प्रथम तथा द्वितीय वर्ष लड़कों के बीच हुए क्रिकेट मैच में द्वितीय वर्ष के छात्रों ने प्रथम वर्ष के छात्रों को हराया। इसी प्रकार लड़कियों के क्रिकेट मैच में द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने प्रथम वर्ष की छात्राओं को हराया। लड़कियों की डबल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में अल्का व अंशिका की टीम प्रथम, मुस्कान व शीतल की टीम द्वितीय तथा मीना व वर्षा की टीम तृतीय रही। लड़कों की डबल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में दीपक और गौरव की टीम प्रथम रही।

## बहु अकबरपुर थाना को महम कोर्ट से जुड़वाने की मांग को लेकर वकीलों का धरना कल से शुरू



- वकीलों का कहना है कि अधिवक्ता कई बार प्रदेश सरकार और माननीय हाई कोर्ट के जजों को भी इस समस्या से अवगत करवा चुके हैं।

**महम।** बहु अकबरपुर थाना को महम कोर्ट से जुड़वाने की मांग को लेकर सोमवार से महम के वकील कोर्ट के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। वकीलों का कहना है कि मोखरा और मदीना जैसे बड़े गांव जो महम उपमंडल के गांव हैं, वे बहु अकबरपुर थाने में आते हैं। इस थाने के फौजदारी मामले रोहतक कोर्ट में आते हैं और दीवानी केस महम कोर्ट में। इस मुद्दे पर वकीलों ने महम बार एसोसिएशन कार्यालय में वकीलों की एक मीटिंग हुई। इस दौरान सभी अधिवक्ताओं ने महम कोर्ट के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने का फैसला लिया। वकीलों का कहना है कि अधिवक्ता कई बार प्रदेश सरकार और माननीय हाई कोर्ट के जजों को भी इस समस्या से अवगत करवा चुके हैं। अब वकीलों को जब कहीं से भी कोई संतोषजनक जवाब नही मिला तो ये मजबूरी में धरना देने का कदम उठाया है। एडवोकेट जितेंद्र सैनी ने बताया कि इस संबंध में वकीलों की एक कमेटी बनाई गई है, जिसमें एडवोकेट प्रदीप ढाका, वेदप्रकाश अहलावत, राजेश गोयत, रमेश चोपड़ा, संदीप बंसल, संजय दहिया, कर्मबीर व नवीन मलिक को शामिल किया गया है। बार एसो. के प्रधान रवि शंकर सोनी, उपप्रधान प्रवीन अहलावत, सचिव दीक्षांत सिवाच, सहसचिव नीलम राणा और कैशियर सोनू शर्मा को भी धरने की जिम्मेवारी सौंपी है।



## शिक्षा भारती में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगता में अंकिता प्रथम

**रोहतक।** महिला दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षा भारती विद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनसीसी कैडेट्स के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में अंकिता कैडेट्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कैडेट्स को प्रधानाचार्य विनोद वशिष्ठ एवं परेड इंस्टेक्टर मेहर सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। मेहरसिंह द्वारा कैडेट्स को महिला दिवस के बारे में अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस मौके पर सीटीओ सुमन सैनी, दीपाली आदि उपस्थित रहे।

## डॉ. भीमराव अम्बेड़कर मेधावी योजना के लिए पात्र विद्यार्थी 15 मार्च तक करें आवेदनः उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने जिला के पात्र विद्यार्थियों से राज्य सरकार की डॉ भीमराव अंबेड़कर मेधावी छात्र संशोधित योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि को 15 मार्च 2024 तक बढ़ा दिया गया है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 थी। उपायुक्त अजय कुमार ने इस योजना के उद्देश्य का जिक्र करते हुए बताया अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, घुमंतू, अर्ध घुमंतू जातियों एवं पिछड़ा वर्ग ब्लॉक ए व बी के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ही सरकार ने इस योजना को क्रियान्वित किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## वैश्य महिला कॉलेज की वार्षिक एथलेटिक मीट संपन्न

# 100 में मुस्कान व 400 मीटर दौड़ में प्रीति प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



वैश्य महिला महाविद्यालय में चल रही दो दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट का समापन हो गया। 50 मीटर रेस में अंजू प्रथम, संजू द्वितीय, खुशी ने तृतीय, 100 मीटर रेस में प्रथम मुस्कान, द्वितीय प्रियंका व तृतीय अंजलि ने हासिल किया।

इसी तरह से 200 मीटर रेस में प्रथम मुस्कान, द्वितीय पिंकी व तृतीय स्थान सरोज, 400 मीटर रेस में प्रथम प्रीति, द्वितीय वर्षा व तृतीय स्थान कोमल व कसक ने, 800 मीटर रेस में प्रथम दीपक, द्वितीय संजू व तीसरे स्थान पर तनु रही। वहीं 1500 मीटर में प्रथम चारु, द्वितीय प्रीति व तनु तृतीय, स्किपिंग रेस में पूजा प्रथम, दीपांशी द्वितीय एवं वर्षा ने तृतीय स्थान हासिल किया। थ्री लैग रेस में (साक्षी - अंजनी) प्रथम स्थान पर रहे, (सरोज -दीपक) दूसरे स्थान पर रहे, (संजू- प्रीति) तृतीय स्थान पर रहे। वन लेग रेस में सरोज प्रथम, संजू द्वितीय एवं दीपांजलि तृतीय, फ्रॉग रेस में प्रियंका प्रथम, निधि द्वितीय एवं दीपक तृतीय, बैक रेस में अंजनी प्रथम, अलका द्वितीय व सरोज तृतीय, पोटैटो रेस मे तुसबा ने पहला, मानसी ने दूसरा व चाहत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेहनत करने के लिए प्रेरित किय। प्राचार्य डॉ. रश्मि गुप्ता ने छात्राओं को जीवन में निरंतर मेहनत कर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। मुख्यातिथि रितेश सिंहपूरिया ने कहा कि प्रतिभागी होना ही बड़ी जीत है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान नवीन जैन, जनरल सेक्रेटरी श्याम लाल गर्ग, कन्वीनर राधे श्याम, राजेश नवल, अरूण आर्य, सुभाष गुप्ता, सन्नी गोयल, सतीश शर्मा, वीणा गुप्ता, डॉ. संजय गुप्ता, प्रवीण बंसल, विभागाध्यक्ष डॉ. सुरजीत नीमा, इंटरनेशनल कोच मुन्नी जून, पदमा मित्तल सहित अन्य मौजूद रहे।

## स्वयंसेवकों को टीम वर्क की भावना से काम करने की शपथ दिलवाई



- इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली भी निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सैनी कॉलेज में चल रहे एनएसएस कैंप में शनिवार को प्रिंसिपल प्रोफेसर भीम सिंह पवार ने स्वयंसेवकों को बताया कि समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए एनएसएस शिविर का आयोजन किया जाता है। डिजिटल इंडिया, स्वच्छता अभियान, स्वच्छ पर्यावरण जैसे अनेक कार्य हैं, जिसमें टीम वर्क की भावना उत्पन्न होती है और जब कोई कार्य देश में टीम भावना से किया जाता है तो उसका सकारात्मक परिणाम देखने का मिलता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील कि एनएसएस जैसे शिविरों में भाग लेकर अपने अंदर टीम वर्क और सेवा की भावना उत्पन्न करें। इस मौके पर जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसे प्रोग्राम ऑफिसर सतीश सैनी और प्रिंसिपल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो कॉलेज से शुरु होकर अंबेडकर चौक से वापस कॉलेज पहुंची। सभी स्वयंसेवकों को टीम वर्क की भावना के साथ काम करने की शपथ दिलाई गई।